# "नरपतगंज विधानसभा का जन्म जन्म तक रहूंगा कर्जदारः सांसद प्रदीप कुमार सिंह"

**धर्म जागरण मंच की फलाहार पार्टी में सांसद ने जताई आम जनता के प्रति आभार**

**सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कुशमौल के फलाहार पार्टी में उजागर की केंद्र सरकार की सफलताएँ**



**दैनिक समाज जागरण**
**डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

5 अक्टूबर को नवरात्रि पूजा के अवसर पर धर्म जागरण के प्रांत प्रमुख दिव्यप्रकाश यादव उर्फ विजय यादव ने अपने कुशमौल स्थित आवास पर फलाहार पार्टी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे।भरगामा प्रखंड के पूर्व प्रमुख दिव्यप्रकाश यादव ऊर्फ विजय यादव ने सांसद प्रदीप सिंह को अंग वस्त्र एवं चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने स्वागत अभिभाषण में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सनातनी परंपरा को जागृत करना और एकजुटता को बढ़ावा देना बताया। उन्होंने अपने लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह के कार्यकाल में हुए विकास पर जमकर प्रकाश डाला।

सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अपने संबोधन में आम जनता का बार-बार आभार व्यक्त किया और कहा कि वे नरपतगंज विधानसभा के प्रति हमेशा कर्जदार रहेंगे।सांसद ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला और पूर्व प्रमुख विजय यादव का नागरिक अभिनंदन करने के लिए धन्यवाद दिया।

**ये थे मंच पर आसीन**

इस समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, लोकसभा संयोजक समरनाथ सिंह, प्रदीप कुमार राय उर्फ लाल बाबू, राजा मिश्रा, कृष्ण कुमार सेनानी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आकाश राज, जुबेर आलम, भाजपा अतिपिछडा मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप पटेल, मंडल अध्यक्ष सुमन झा, नित्यानंद मेहता, कौशल सिंह भदौरिया, प्रमोद यादव, संतोष मंडल, कमलेश साह, भाजपा नेता ललन यादव, जिला मीडिया प्रभारी पिंटू यादव, पूर्व मुखिया सहदेव मेहता, भूषण यादव, राजेश झा, शंकर झा, रौशन झा, आशीप झा पूर्व समिति, राजकुमार मेहता सरपंच, नीरज भगत, चंदू सरदार, प्रोद्ध गुरुदेव यादव, अनिल यादव, प्रकाश झा, संतोष यादव, शशि यादव, ब्रजेश मेहता, सोल्जर यदुवंशी समेत सैकड़ों लोग नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। और अन्य प्रमुख नेता शामिल रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

**₹भरगामा प्रखंड के पूर्व प्रमुख दिव्य प्रकाश यादव ऊर्फ विजय यादव ने कुशमौल स्थित अपने आवास परिसर में सांसद का नागरिक अभिनन्दन किया।पूर्व प्रमुख ने सांसद प्रदीप सिंह को अंग वस्त्र एवं चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया₹**

चांदी का मुकुट पहनाकर एमपी का किया गया स्वागत

भरगामा प्रखंड के पूर्व प्रमुख दिव्यप्रकाश यादव ऊर्फ विजय यादव ने कुशमौल स्थित अपने आवास परिसर में सांसद का नागरिक अभिनन्दन किया। पूर्व प्रमुख ने सांसद प्रदीप सिंह को अंग वस्त्र एवं चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। सांसद प्रदीप सिंह ने शानदार नागरिक अभिनन्दन आयोजन करने के लिए पूर्व प्रमुख विजय यादव का विशेष आभार व्यक्त किया।

अभिनन्दन कार्यक्रम में पहुंचे सभी मंचासीन पदाधिकारीयों को सांसद द्वारा अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**संकल्प लिया**

नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने सनातनी संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# दुर्गा पूजा हमें शक्ति, साहस और भक्तों की रक्षा का संदेश देती है : राजेन्द्र जी महाराज

**सुभाष जी दैनिक समाज जागरण सहरसा**

सहरसा। नगर के स्थानीय कचहरी दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा में श्रीमद् देवी भागवत कथा आयोजन प्रतिदिन संध्या कालीन बेला में तीन बजे से 6 बजे तक होता हैं। श्रीमद् देवी भागवत कथा में पूज्य आचार्य राजेंद्र जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धांलु सुनते हैं। आज चतुर्थ दिवस के कथा में राजेंद्र जी महाराज ने महिषासुर का जन्म और उसकी उत्पत्ति की कथा का वर्णन किया महिषासुर एक असुर था।जिसे यह वरदान मिला था कि उसकी पराजय केवल उसके स्त्री से ही हो सकती है। इस वरदान के कारण वह अत्यंत बलशाली और घमंडी हो गया।जब महिषासुर ने देवी की आराधना की और उनके प्रति अहंकार प्रदर्शित किया, तब सभी देवों ने उसे समाप्त करने का निश्चय किया। देवी ने अपने शक्तियों के साथ महिषासुर से युद्ध किया और उसे पराजित किया। इस प्रकार उन्होंने अपने भक्तों की रक्षा की और संसार को असुरों से मुक्त किया।यह कथा शक्ति, साहस और भक्तों की रक्षा का संदेश देती है।इस अवसर पर पूजा समिति उपाध्यक्ष हीरा प्रभाकर कृष्ण कुमार, जवाहर गुप्ता गोलू, सीताराम साह, कौशल सिंह, परमेश्वर कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।




# जयराम ने सभा को किया संबोधित रणधीर को संथाल के तीन में किसी एक पर लड़ने की दिया चुनौती

**देवघर/संवाददाता**

देवघरः झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम महतो देवघर के सारवां हाई स्कूल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे जनसभा को संबोधित करने से पहले वह देवघर के बाबा बैजनाथ धाम मंदिर में पूजा अर्चना करने आए पूजा करने के बाद सीधे अंबेडकर चौक पहुंचे जहां पर अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद वहां के लाइब्रेरी में पढ़ने वाले छात्रों से बात किया वहां से सीधे हाई स्कूल मैदान सभा स्थल के लिए निकल गए जगह-जगह उनके समर्थक और जरमुंडी के युवा नेता सह विधानसभा प्रत्याशी धीरज यादव ने कुंडा मोड पर जोरदार स्वागत किया और धीरज के समर्थक बलियाचोकी घाटघर बिशनपुर और सारवां ब्लॉक मोड़ पर हजारों की संख्या में उनके समर्थक ने जयराम के समर्थन में नारे भी लगाए और हजार बाइक रैली के साथ सारवां के लिए निकल गए



सरवां हाई स्कूल मैदान में सभा को संबोधित करते हुए जयराम ने कहा कि मुझे उम्मीद नहीं थी कोल्हान में और बाकी जगह पर हमें सपोर्ट मिल रहा है सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड सरकार से लेकर केंद्र सरकार और मंत्री विधायक और सांसद सभी को आधे हाथे लिया सभी पर जमकर निशाना साधना खास करके जरमुंडी विधायक बादल पत्रलेख को लेकर कहा कि हमने सुना था कि कुछ विधायक मंत्री अपने बेटे बेटी पत्नी के लिए काम करते हैं उसे सेट करने में सारा पैसा लगा देते हैं लेकिन बादल जी किसके लिए इतना कर रहे हैं क्यों इतना लूट मचाई हैं क्यों नहीं जनता के लिए काम कर रहे हैं वही रणधीर सिंह को लेकर कहा कि रणधीर भैया आप हमारी चुनौती को सुविधा स्वीकार कीजिए और हम कोल्हान छोड़ आपके संथाल परगना के तीन सीट महागमा पोड़ैयाहाट और गुड्डा जहां आपको अच्छा लगे आप चूज करके हमारी चुनौती को स्वीकार कीजिए हम आपके क्षेत्र में आए हैं। जो साड़ी लूंगी धोती जिंस जो बाटना हो बाटिए।

# जनसेवक को नहीं दे रहे चार्ज, पंचायत के विकास का कार्य अवरुद्ध

**दैनिक समाज जागरण**

राजापाकर, प्रकाश वर्मा। प्रखंड क्षेत्र के जाफरपट्टी पंचायत के पंचायत सचिव सह जनसेवक रामनरेश कुमार द्वारा नये पंचायत सचिव गोपाल शर्मा को प्रभार नहीं देने के कारण पंचायत का कार्य बाधित है। 23 सितंबर को जाफरपट्टी पंचायत में गोपाल शर्मा को प्रतिनियुक्ति हुई है लेकिन पूर्व पंचायत सचिव इन्हें चार्ज नहीं दे रहे है जिसके कारण पंचायत के विकास संबंधित कार्य के अलावा सभी कार्य बाधित है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया संजय राम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीपीआरओ राजापाकर से शिकायत की है कि पूर्व पंचायत सचिव जानबूझकर मुझे तंग करने के उद्देश्य से नये पंचायत सचिव को चार्ज नहीं दे रहे है। वे पंचायत में कार्यरत थे, तब भी वह पंचायत के कार्यों के प्रति नकारात्मक रवैये अख्तियार करते थे। जब उन्हें प्रखंड कार्यालय से सरकारी पत्र निर्गत जाफरपट्टी पंचायत के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है, तब भी वह प्रभार देने में अनाकानी करते है। मुखिया ने जिला पदाधिकारी एवं जिला पंचायतीराज पदाधिकारी से आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।



# गोला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी उत्सव व शस्त्र पूजन का आयोजन किया।**

**विजयादशमी शक्ति संचय का त्यौहार है, राष्ट्र को परम वैभव पहुंचे उद्देश्यः शशांक कुलकर्णी**

**दैनिक समाज जागरण**

गोला।प्रखंड क्षेत्र के राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय गोला के प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने विजयादशमी उत्सव व पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संघचालक शत्रुघ्न प्रसाद और बौद्धिक कर्ता के रूप में सेंट्रल यूनिवर्सिटी रांची के प्रोफेसर शशांक कुलकर्णी उपस्थित रहे। संघ के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला, पथ संचलन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण से निकलकर रजरप्पा मोड, अग्रवाल मोहल्ला, पाठक टोला, कालीनाथ चौक, डीवीसी चौक होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण में जाकर समापन हुआ। जगह-जगह पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। पथ संचलन के दौरान बजरंग दल ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।उसके बाद विद्यालय प्रांगण में मां दुर्गा और परम पूजनीय आद्य सरसंघचालक डॉ॰ केशव बलिराम हेडगेवार की चित्र पर पुष्प अर्पित कर शस्त्र पूजन किया। बौद्धिककर्ता शशांक शेखर ने कहा कि विजयादशमी के दिन ही सन 1925 ई० में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। आज संघ 99 वर्षा से सतत राष्ट्रीय ही एवं समाज ही में कार्य करते हुए 100 वें वर्ष में प्रवेश किया। विजयादशमी के दिन ही मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। जिस तरह नदी अपने आप को समुद्र में विलीन कर लेती है, समर्पित कर देती है उसी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के नदी में सेवा कार्य और समाज के उत्थान में स्वयंसेवक विलीन और समर्पित हो जाते है। चरैवेति चरैवेति की तरह में सतत चलते रहना है,इस राष्ट्र के लिए स्वयंसेवक तन समर्पित,मन समर्पित और जीवन समर्पित करते हैं। विजयदशमी शक्ति संचय का त्यौहार है। राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए कार्य करते रहना है। राष्ट्र में सज्जन शक्ति बढ़े और निर्जन शक्ति का नाश हो। संघ की प्रार्थना के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर झारखंड पर प्रांत के महाविद्यालयीन प्रमुख संजीत कुमार, जिला कार्यवाह सुमित कुमार,जिला प्रचारक सत्यम कुमार,राजेश ठाकुर ,जीतू थानेदार, भागीरथ पोद्दार, महेंद्र ठाकुर, रामा करमाली,रंजित साव, सुरज कुमार, अनिकेत कुमार,रवि कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



# आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 20 के लोगों का हुआ जीना दुश्वार, नगर निगम जल्द ले संज्ञान वरना करेंगे हुड़का जामः रविन्द्र बास्के

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड)05 अक्टूबर 2024:झआदित्यपुर नगर निगम वार्ड 20 स्थित कृष्णा नगर (अलकतरा ड्रम बस्ती) में बजबजाती गंदगियों से स्थानीय लोंगो का चलना दूर,सांस लेना तक दुश्वार हो गया है. नगर निगम की अनदेखी से आक्रोशित लोग अब हुंकार भरने लगे हैं. लोंगो ने गंदगी की साफ सफाई व्यवस्था नहीं होने पर नगर निगम के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दे दी है. बस्तीवासियों का कहना है कि आदित्यपुर नगर निगम द्वारा हमारे बस्ती में न कभी सफाई गाड़ी आती है और न तो कोई कर्मचारी ऐसे में बस्ती की दुर्दशा क्या होगी ये नगर निगम के अधिकारियों को भली भांति समझ है.





मौके पर मौजूद समाज सेवी रविन्द्र बास्के ने मामले को संज्ञान में लेते हुए बस्तीवासियों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही बस्ती में साफ सफाई होगी और नगर निगम द्वारा बस्ती में गंदगियों की निदान के लिए जल्द काम करेगी, श्री बास्के ने कहा कि समय रहते गंदगी से निजात नही दिलाया तो सेकड़ो की संख्या में आदित्यपुर नगर निगम में हुड़का जाम कर धरना प्रदर्शन करेंगे.

वहीं, मौजूद युवा नेता सुधाकर हांसदा ने कहा कि हर तरफ कूड़े के ढेर लगे है नालियों और नालो का गंदा पानी सड़क पर फैला है छोटे बच्चे हो या बुजुर्ग, सभी का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है. नगर निगम ने अपनी आँखें और कान बंद किये बैठा है. स्थानीय लोगो ने कहा कि इस भीषण गंदी बदबू से आस पास के लोगो का जीना दुश्वार हो रहा है. इस गंदी बदबू के कारण यहां के लोग अनेक बीमारियों की चपेट में आ रहे है. श्री हांसदा ने कहा कि एक दो दिन में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नही हुई तो वह जनता को साथ लेकर आदित्यपुर नगर निगम का घेराव करेंगे और नगर निगम में धरना देंगे.

मौके पर समाजसेवी रविन्द्र बास्के, युवा नेता सुधाकर हांसदा, महादेव लोहार, विजय लोहार, रोकी लोहार, इमरान खान, जीतू अंसारी, आकाश लोहार, विशाल सोरेन, नयन कैबर्तो, दीपक प्रसाद, झामुमो युवा नेता छोटूराम उर्फ रवि राम आदि बस्ती के लोग मौजूद रहे.

# तेजस्वी ने लगाया प्रशासनिक अराजकता का आरोप

पटनाः बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य में प्रशासनिक अराजकता, गवर्नेंस समाप्त होने और वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया है. इसके साथ ही उन्होंने एक सरकारी कर्मचारी द्वारा इस्तीफा देने के मामले पर भी सवाल उठाया है. तेजस्वी यादव ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर बिहार के एक सरकारी पदाधिकारी का इस्तीफा



पत्र शेयर किया है जो कि समस्तीपुर के शाहपुर पटोरी प्रखंड के पंचायत राज पदाधिकारी का है. प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को संबोधित करते हुए अपना इस्तीफा लिखा है.

प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ने अपने पत्र में लिखा कि वर्तमान में मैं शाहपुर प्रखंड में पदस्थापित हूं. साथ ही मोहनपुर प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार भी मेरे पास है. तेजस्वी ने राज्य सरकार सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी समेत अन्य सेवाओं के अधिकारी किन विषम परिस्थितियों में कार्य कर रहे है तथा किन कारणों से इस्तीफा दे रहे है यह उसका छोटा सा नमूना है.

तेजस्वी यादव ने आगे सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए लिखा कि जब प्रदेश के मुखिया सदैव सुषुप्त अवस्था में रहे तो ऐसा होना लाज़िमी है. जब मुख्यमंत्री टायर्ड और उनके मातहत अधिकारी रिटायर्ड हो तो ऐसी बदतर स्थिति होना स्वाभाविक है. वहीं इस्तीफा देने वाले प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ने लिखा है कि बिना संसाधन के मैं विभागीय कार्य करने में असमर्थ हूं. स्वेच्छा से मैं निम्न कारणवश त्याग पत्र दे रहा हूं. प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ने इसके अलावा समय पर वेतन न मिलने के साथ साथ और भी कई कारण बताए हैं अपने इस्तीफा देने का. बता दें कि तेजस्वी यादव इन दिनों लगातार नीतीश सरकार पर हमलावर हैं.

# बिहार की महिलाओं को नहीं होगा सर्वाइकल कैंसर, HPV टीका लगाने वाला पहला राज्य बना

पटनाः बिहार की राजधानी पटना में रविवार को 'मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण' योजना की शुरूआत की गई. इस कार्यक्रम में बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने शिरकत की. इस दौरान लड़कियों को टीके भी लगाए गए. बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि आज से 'मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण' योजना शुरू हुई है. इसका उद्देश्य, महिलाओं को होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाना है. बच्चेदानी के मुख पर महिलाओं को जो कैंसर होता है, उसके बचाव के लिए यह टीका दिया जाता है.

उन्होंने कहा, "बिहार देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने 9 से 14 साल की लड़कियों को यह टीका मुफ्त में लगाने का निर्णय किया है. इस योजना पर इस साल लगभग 150 करोड़ रुपये खर्च होंगे. मैं अपने राज्य के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और वित्त




मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इस योजना को मंजूरी दी है. मंगल पांडेय ने आगे कहा, "हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि हम लोग को नर और मानव सेवा करनी है. इस योजना के तहत हम पीएम मोदी की सोच को जमीन पर उतार रहे हैं और यह योजना आज पांच जिलों में शुरू हुई है. इनमें पटना, मुजफ्फरपुर, सीवान, नालंदा और पूर्णिया शामिल हैं. अगले एक महीने में पूरे राज्य में टीकाकरण शुरू हो जाएगा. यह एक विशेष प्रकार का टीका है. हम लोग सभी को प्रशिक्षण देकर यह कार्य पूरा करेंगे. धीरे-धीरे इसकी प्रक्रिया शुरू होगी.

बता दें कि 'मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना' के तहत महिलाओं में होने वाली सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9 से 14 साल की बालिकाओं को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस टीकाकरण का लाभ मिलेगा.

# भारत, चीन के शेयर बाजार मूल्यांकन में घटा अंतर

दलाल पथ पर गिरावट और शांघाई में तेजी के बीच चीन के बाजार की तुलना में भारत को शेयर बाजार मूल्यांकन में मिली बढ़त अब कम हो रही है। चीन की तुलना में देसी बाजार का मूल्यांकन अब केवल 54.2 फीसदी अधिक रह गया है जो अगस्त के अंत में 82.3 फीसदी और सितंबर 2021 में रिकॉर्ड 124 फीसदी था।

पिछले 15 साल के औसत की तुलना में सेंसेक्स का मूल्यांकन प्रीमियम चीन से 48 फीसदी अधिक रहा है। चीन के शांघाई कंपोजिट सूचकांक का प्राइट टु अर्निंग मल्टीपल सितंबर में 17 फीसदी बढ़ गया। दूसरी ओर बाजार में गिरावट के कारण बीएसई सेंसेक्स का मूल्यांकन बीते एक महीने में घटा है।

शांघाई कंपोजिट सितंबर के अंत में 16.1 गुना पीई पर कारोबार कर रहा था जो अगस्त में 13.7 गुना था। इस दौरान शांघाई कंपोजिट सूचकांक 17.4 फीसदी बढ़कर 3,336.5 पर पहुंच गया जबकि अगस्त के अंत में यह 2,842.1 पर था।

सालाना छुट्टियों के कारण अक्टूबर के पहले हफ्ते में चीन का शेयर बाजार बंद रहा। इसकी तुलना में बीएसई सेंसेक्स का पीई मल्टीपल शुक्रवार को घटकर 24.8 गुना रहा जो सितंबर में 25.6 गुना और अगस्त में 25 गुना था। इस महीने अभी तक सेंसेक्स करीब 3 फीसदी गिरा है।

विश्लेषकों का कहना है कि चीन के बाजार में हालिया तेजी वहां शेयरों का मूल्यांकन कम होने की वजह आई है। सिस्टमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटी में शोध एवं इक्विटी स्ट्रैटजी के सह-प्रमुख धनंजय सिन्हा ने कहा, ह्यइक्विटी बाजारों में औसत उलटफेर होता रहता है और पूंजी अब चीन की ओर जा रही है क्योंकि घरेलू इक्विटी बाजार में मूल्यांकन बहुत अधिक हो गया है। उच्च मूल्यांकन संभावित तेजी को कम करता है और जोखिम को बढ़ाता है।ह्ल

इक्विनॉमिक्स रिसर्च के संस्थापक एवं सीईओ जी चोकालिंगम ने कहा, ह्यचीन की सरकार और केंद्रीय बैंक द्वारा नए प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा से वहां के बाजार में तेजी आई है। इन प्रोत्साहनों से कंपनियों की आय बढ़ने की उम्मीद में शेयर चढ़ रहे हैं। अगर कंपनियों की आय उम्मीद के अनुरूप नहीं रही तो बाजार में गिरावट भी आ सकती है।

भारत में शेयर का मूल्यांकन पहली बार मई 2010 चीन की तुलना में अधिक हुआ था और उसके बाद से अप्रैल-जून 2015 की छोटी अवधि को छोड़कर यह ऊपर ही बना हुआ है। महामारी के बाद बाजार में तेजी से घरेलू इक्विटी मूल्यांकन का प्रीमियम चीन की तुलना में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था।

सितंबर 2021 में यह सर्वाधिक ऊंचाई पर था जब सेंसेक्स की पीई सर्वकालिक उच्चतम स्तर 33.5 गुना पर पहुंच गया था जबकि इस दौरान शांघाई कंपोजिट का पीई 15 गुना था। भारत में कंपनियों की आय में तेज वृद्धि के कारण शेयरों का मूल्यांकन चीन के बाजार से ज्यादा बढ़ा है।

कोरोना महामारी के बाद सेंसेक्स कंपनियों की प्रति शेयर आय स्थानीय मुद्रा और डॉलर मद में काफी बढ़ी थी। दूसरी ओर हाल के वर्षों में चीन के शांघाई कंपोजिट की प्रति शेयर आय में गिरावट देखी गई।

बीएसई सेंसेक्स का ईपीएस पिछले 10 साल में सालाना 9.3 फीसदी चक्रवृद्धि दर से बढ़ा है।

# बांग्लादेश से सड़क मार्ग से व्यापार में सुधार, मगर भारतीय कंपनियां सतर्क; क्या हैं चुनौतियां

भारत-बांग्लादेश सीमा पर ट्रकों की आवाजाही बढ़ रही है। माल भाड़े में तेजी से दोनों देशों के बीच व्यापार में सुधार का संकेत मिल रहा है। मगर भू-राजनीतिक तनाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि बांग्लादेश में करीब दो महीने से अंतरिम सरकार है।

भारतीय कारोबारियों के कारोबार में मासिक आधार पर सुधार दिखने लगा है। बांग्लादेश से वस्तुओं की आवाजाही भी धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। मगर बुनियादी तौर पर दो चिंताएं बरकरार हैं जिनमें पड़ोसी देश से भुगतान और वहां की यात्रा करने वाले भारतीय अधिकारियों की सुरक्षा शामिल हैं। शेख हसीना के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के मुकाबले स्थिरता हासिल करना अब भी बाकी है।

बांग्लादेश में छात्रों एवं अन्य समूहों द्वारा कई सप्ताह तक जारी हिंसात्मक विरोध-प्रदर्शन में 600 से अधिक लोग मारे गए। अंततः हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और 5 अगस्त को भारत भाग गईं। उसके बाद बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया।

अगस्त के मध्य में एक दक्षिण भारतीय कारोबारी को बांग्लादेश से 20 कंटेनर दालों का ऑर्डर मिला। पिछले 15 वर्षों के व्यापारिक संबंध होने के बावजूद उन्होंने बांग्लादेश में राजनीतिक अनिश्चितता को देखते हुए कदम आगे बढ़ने में संकोच किया। उन्होंने कहा, ह्यनिर्यात करीब 80 फीसदी पर आ चुका है, लेकिन निर्यातकों में आत्मविश्वास की कमी है।

व्यापार नीति के विश्लेषक एस चंद्रशेखरन के अनुसार, फिलहाल निर्यात संकट से पहले के मुकाबले 75 से 80 फीसदी पर है। उन्होंने कहा, ह्यट्रकों की आवाजाही शुरू हो चुकी है, लेकिन व्यापार अब भी पिछले स्तर तक नहीं लौट पाया है।ह्ल निर्यातकों के लिए सबसे अहम सवाल यह है कि क्या मेरा पैसा मिल पाएगा?ह्ल क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि बांग्लादेश के विदेशी मुद्रा भंडार पर काफी दबाव है। इससे भारतीय कंपनियों को वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात का भुगतान होने में देरी हो सकती है। उन्होंने कहा, ह्यऐसे में भारतीय कंपनियों के कार्यशील पूंजी चक्र में वृद्धि हो सकती है।ह्ल

इसका प्रमुख उदाहरण अदाणी पावर है जिसका बांग्लादेश का बकाया अब 90 करोड़ डॉलर तक पहुंच चुका है। मामले से जुड़े एक व्यक्ति के अनुसार, ह्यभुगतान की रफ्तार काफी धीमी रही है और बिजली आपूर्ति का बकाया लगातार बढ़ रहा है।ह्ल अदाणी पावर जुलाई 2023 से झारखंड के गोड्डा में अपने 1,600 मेगावॉट के ताप बिजली संयंत्र से बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति कर रही है। कंपनी ने भी इस चुनौती को स्वीकार किया है।

अदाणी पावर के प्रवक्ता ने बिजनेस स्टैंडर्ड द्वारा ईमेल के जरिये पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ह्यबढ़ते बकाया के बावजूद हम बांग्लादेश को बिजली की आपूर्ति जारी रख रहे हैं, जो काफी चिंता की बात है। इससे संयंत्र के परिचालन में अस्थिरता पैदा हो सकती है।ह्ल उन्होंने कहा, ह्यहम बीपीडीबी (बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड) के वरिष्ठ अधिकारियों और बांग्लादेश सरकार के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने हमें आश्वस्त किया है कि बकाया का जल्द भुगतान किया जाएगा। हमने उनके आश्वासन के आधार पर बिजली आपूर्ति बरकरार रखी है।

भारतीय कंपनियों को एक जटिल परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। हसीना को देश में रहने की अनुमति देने वाली भारत सरकार का बांग्लादेश में स्वागत नहीं किया गया है। एक भारतीय कंपनी ने कहा कि खास तौर पर श्रम के मामले में औद्योगिक संबंध प्रभावित हुए हैं।

बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने इसी सप्ताह बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से मुलाकात की। उन्होंने व्यापार, परियोजनाओं और लोगों से लोगों के संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

भारत से बांग्लादेश को होने वाले निर्यात में वाहन एक प्रमुख क्षेत्र है। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिता के कारण वाहन निर्यात भी प्रभावित हुआ है। भारत से बांग्लादेश को वाहन का कुल निर्यात साल 2023-24 में 17.5 करोड़ डॉलर रहा जो एक साल पहले के 22.36 करोड़ डॉलर से कम है।

टीवीएस मोटर के सीईओ केएन राधाकृष्णन ने विश्लेषकों से बातचीत में इन चुनौतियों को स्वीकार किया, मगर उम्मीद भी जताई। उन्होंने कहा, ह्यनिर्यात की कुल मात्रा के लिहाज से यह एक छोटा बाजार है। हमारा मानना है कि कुछ महीनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी।ह्ल टीवीएस ऑटो ने पिछले साल बांग्लादेश में करीब 60,596 वाहनों की बिक्री की।

# पूर्व मुखिया मनोज सिंह के नेतृत्व में वर्षों पुराने जमीनी विवाद का शांतिपूर्ण समाधान

### पूर्व मुखिया के नेतृत्व में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद को सुलझाया

**दैनिक समाज जागरण कुसाकांटा ।**

कुसाकांटा प्रखंड अंतर्गत रहटमिना पंचायत के बरकुरवा गांव में वर्षों से चला आ रहा एक गंभीर जमीनी विवाद आज पूर्व मुखिया श्री मनोज कुमार सिंह (आनंद) के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया। यह विवाद



रास्ते को लेकर था, जिसमें मुरली मंडल, उमेश मंडल, होमी मंडल, बालबोध मंडल और लालबोध मंडल एक पक्ष थे, जबकि दूसरे पक्ष में जयनारायण मंडल थे। श्री मनोज सिंह ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर एक बार फिर अपनी नेतृत्व क्षमता को साबित किया। उनके कुशल मार्गदर्शन में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद को सुलझाया, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द्र का माहौल बना। समझौता बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों में अखिलेश दास, विजय मंडल, रविन्द्र मंडल, हरि लाल मंडल, संतोष मंडल, रामप्रसाद दोन, अरुण यादव, दिनेश यादव, बबलू मंडल और राजू मंडल शामिल थे। सभी ने श्री मनोज सिंह के प्रयासों और समस्या सुलझाने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की।

# फारबिसगंज में मनी अग्रशिरोमणि महाराजा अग्रसेन जी की 5148वीं जयंती

### सकल अग्रवाल समाज फारबिसगंज के तत्वावधान में पूरे जोर शोर एवं भव्य रूप से मनाई गई जन्म दिवस

**दैनिक समाज जागरण फारबिसगंज ।**

महाराजाधिराज श्री अग्रसेन जी महाराज एवं कुलदेवी माता महालक्ष्मी की पूजा अर्चना पूरे भक्तिभाव के साथ अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अरविंद गोयल, अग्रवाल महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती सुमन जिंदल एवं अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष कुणाल केडिया की अगुवाई में पंडित नारायण शर्मा ने मंत्रोचार के साथ पूर्ण करवाई। इसके उपरांत शहर में एक भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान जगह जगहों पर अलग अलग सामाजिक संस्थाओं में दिगंबर जैन समाज, जगदंबा ज्वेलर्स के प्रोपराइटर ओम सोनी एवं सहयोगी बिनोद जलान, बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गौरव जैन के नेतृत्व में संपूर्ण टीम के द्वारा स्वागत किया गया एवं यात्रा में शामिल अग्र बंधुओं के बीच फल, जूस एवं अन्य समानों का वितरण किया गया। इसके उपरांत अग्र समाज के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मंच पर अग्रवाल महसभा के संरक्षक निर्मल भूपाल, अध्यक्ष अरविंद गोयल, सचिव पवन अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंच की सुमन जिंदल, अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष कुणाल केडिया, बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नगर अध्यक्ष बच्छराज राखेचा, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गौरव जैन, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, सचिव पूनम पांडिया, दिगंबर जैन समाज के बिनोद सरावगी, समता भवन के अध्यक्ष निर्मल सेठिया मौजूद रहे। सभी ने महाराजा अग्रसेन जी के द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ करते हुए उनके द्वारा सिखाए गए मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ई. आयुष अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संरक्षक निर्मल भूपाल एवं अध्यक्ष श्री गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक सामान्य मानव नहीं थे। वे महामानव होकर समाज के लिए जो कार्य किया है वो पूरा भारत कभी नहीं भुल सकता। श्री अग्रवाल ने अपने




सारगर्भित भाषण में कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर काफी ऐसी चीजें देश में संचालित है जिसके लिए अग्र समाज बधाई के पात्र हैं। महाराजाश्री के द्वारा दी गई सिख पूरे देश की नींव को मजबूत करता है एवं आने वाले समय में जिस उत्साह से फारबिसगंज अग्र समाज कार्य कर रहा है तो वो दिन दूर नहीं कि अभी से और ज्यादा डंका महाराजा अग्रसेन जी का पूरे ज़िला व कमिश्नरी से ऊपर बिहार में गूँजता नजर आएगा। इस मौके पर गणमान्य नागरिकों में महेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश राठी, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष महेंद्र बैद के अलावे महसभा के कार्यकारी अध्यक्ष अजातशत्रु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बिनोद चौखानी, हरेंद्र फिटकिरिवाला, मोतिलाल गोलयान, महेश अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, कमल भुपाल, शिवकुमार फिरकिरीवाला, विक्रम अग्रवाल, नवीन झुनझुनवाला, अनिल अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, आलोक भूपाल, विजय बंसल, रमेश बंसल, पिंटू गोयल, संतोष चौखनी, हरीश गोयल, सुमित अग्रवाल, महेश अग्रवाल, पिंटू अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंच की सचिव सुनिता गोयल, कोषाध्यक्ष सुनिता राजगड़िया, सरोज अग्रवाल, चित्रा मित्तल, अंकिता गोयल, प्रीति अग्रवाल, संजना अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, शालू केडिया, रश्मि अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, संगीता गोयल, संगीता कंदोई, मधु अग्रवाल, कोमल गोयल, शिप्रा अग्रवाल, अग्रवाल युवा मंच के सचिव सौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए नितेश अग्रवाल, बजरंग डाबरिवाला, अमन अग्रवाल, रितिक फोगला, सौरभ अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, रिषभ अग्रवाल, शुभम फिटकिरिवाला, प्रमोद केडिया, अमन अग्रवाल, अमन भूपाल, अंशित अग्रवाल, राहुल धनावत कुलदीप अग्रवाल, बिजेंद्र राजगड़िया, अमन धनावत, राहुल अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे। शोभायात्रा के द्वारा महाराजा अग्रसेन जी का रूप धारण तनीश अग्रवाल एवं माता महालक्ष्मी के रूप में रोली अग्रवाल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। अंत में कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आदर्श गोयल के द्वारा किया गया।

# अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने पूर्णियां एमपी पप्पू यादव के दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां।**

पूर्णिया से लोकसभा सांसद माननीय श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के पिता चंद्रनारायण यादव का बीते महीने निधन हो गया था। इस शोकपूर्ण अवसर पर, कल देर रात अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने पूर्णिया स्थित अर्जून भवन जाकर स्मृति शेष चंद्रनारायण यादव के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर वरीय भाजपा नेता समरनाथ सिंह, लाल बाबू और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने शोकाकुल पूर्णिया सांसद पप्पू यादव से मिलकर उन्हें ढाढस बांधाया और इस दुख की घड़ी में प्रभु से सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की।

# राष्ट्रीय पोषण जनांदोलन अभियान में बिहार राज्य अव्वल

### राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के सफल आयोजन पर जिला अररिया राज्य स्तर पर किया दूसरा स्थान प्राप्तःसरोज तिवारी विभाग जिला अररिया मध्याह्न भोजन कार्यालय को करेगा सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत इस वर्ष आयोजित गतिविधियों के आयोजन में अव्व्ल स्थान प्राप्त करने वाले जिलों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जायेगा। गौरतलब है कि जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष के भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पोषण माहह्यह्य का अयोजन 01 से 30 सितम्बर 2024 तक किया गया। ह्यह्यराष्ट्रीय पोषण माह 2024 के सफल आयोजन को लेकर जिला अररिया राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिसके लिए विभाग जिला अररिया मध्याह्न भोजन कार्यालय को सम्मानित करने जा रहा है। जिला अररिया के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर सरोज तिवारी ने बताया





कि जिले के सभी कर्मियों का बहुत योगदान मिला है जिसके लिए सभी की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी जिला बेहतर करता रहे इसके लिए प्रयास करता रहूँगा। श्री सरोज त्तिवारी ने बताया कि राज्य द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के दौरान मुख्य रूप से एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण के थीम पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जानी थी। श्री सरोज तिवारी ने पोषण माह के प्रभावी सुचारू एवं परिणाम मूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में सम्मानीय , सहयोगी विभागों, पूर्व वर्षों में राज्य में आयोजित पोषण माह, पोषण पखवाड़ा में विभिन्न सहयोगी विभागों एवं डेव्हलेपमेंट संस्थाओं का सक्रिय एवं परिणाममूलक सहयोग प्राप्त होता रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अंतर्गत 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक प्रतिदिन आयोजित किए जाने वाले गतिविधि कैलेण्डर एवं सहयोगी विभागों की कार्य दायित्व की कार्ययोजना तैयार की गयी । पोषण माह के दौरान की जाने वाली समस्त गतिविधियों को जन आंदोलन के डैशबोर्ड पोर्टल पर अनिवार्यतः प्रतिदिन प्रविष्ठी किया गया जिसमें कार्यालय के सभी प्रखण्ड साधनसेवी, लेखापाल, के साथ मध्याहन भोजन योजना के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित चौरसिया का पूर्ण मार्गदर्शन मिलता रहा जिसकी वजह से जिला पूरे राज्यभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# शतरंज अंडर -7 प्रतियोगिता का कियारा गोलछा बनी चैंपियन।

### टेबल टेनिस ओपन टू आल प्रतियोगिता में डी ए भी स्कूल के मुकुंद राज ने हर्ष कुमार को हराकर बना चैंपियन

### खेल प्रेमी व खिलाड़ियों के अभिभावक सह समाजिक कार्यकर्ता अनंत भारती ने कहा कि पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन सह अध्यक्ष पनोरमा स्पोर्ट्स संजीव मिश्रा ने विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को लाख रुपया खर्च कर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका जितनी भी तारीफ किया जाए वह कम है। हम सभी इनके द्वारा खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्य की भूरी - भूरी प्रशंसा करते हैं । और ईश्वर से प्रार्थना है कि हमेशा स्वस्थ रहें दीघार्यु रहे।

**दैनिक समाज जागरण पूर्णिया।**

पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 का द्वितीय चरण का समापन आज शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता के साथ हो गया।

द्वितीय चरण के समापन समारोह से पूर्व टेबल टेनिस के संरक्षक व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजन आनंद एवं खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों के अभिभावक व सामाजिक कार्यकर्ता अनंत भारती ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गान गाकर विधिवत शुभारंभ किये। टेबल टेनिस के संरक्षक व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजन आनंद ने कहा कि खिलाड़ियों उपस्थित देख हमें काफी अच्छा लग रहा है। अब हम सभी लोग खिलाड़ियों को और अधिक बढ़ेंगे। ताकि खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर जिला व राज्य स्तर पर पूणिया का नाम रौशन करेंगे। खेल प्रेमी व खिलाड़ियों के अभिभावक सह समाजिक कार्यकर्ता अनंत भारती ने कहा कि पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन सह अध्यक्ष पनोरमा स्पोर्ट्स संजीव मिश्रा ने विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को लाख रुपया खर्च




कर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका जितनी भी तारीफ किया जाए वह कम है। हम सभी इनके द्वारा खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्य की भूरी - भूरी प्रशंसा करते हैं । और ईश्वर से प्रार्थना है कि हमेशा स्वस्थ रहें दीघार्यु रहे।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि दिनांक 07/10/2024 को वॉलीबॉल अंडर -17 प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला एवं फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

दिनांक 08/10/2024 से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में तृतीय चरण का कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। शिवांश , कियारा, प्रांशु, प्रतीक्षा राज, अंकित, याहवी , माधव,तरासा, संजीव, रोशनी ने पैनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 का चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 शतरंज प्रतियोगिता में 400 से ज्यादा बालक एवं बालिका शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया ।

**मैच परिणामः-**

प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान लाने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं। अंडर- 7 बालक वर्ग में :-

1.शिवांश धैर्य- प्रथम स्थान 2.अधरव सिंह -द्वितीय स्थान3.आर्यन कुमार-तृतीय स्थान

**बालिका वर्ग :-**

1.कियारा गोलछा -प्रथम स्थान 2. नाव्या -द्वितीय स्थान 3. शानवी अग्रवाल -तृतीय स्थान अंडर 9

**बालक वर्ग :-**

1. प्रांशु सिंह-प्रथम स्थान 2. मनीत अग्रवाल -द्वितीय स्थान 3. अर्णव आर्या-तृतीय स्थान

**बालिका वर्ग :-**

1. प्रतीक्षा राज -प्रथम स्थान 2. लिसा साह-द्वितीय स्थान 3. राधा रानी -तृतीय स्थान अंडर -11

**बालक वर्ग :-**

1. अंकित कुमार तिवारी प्रथम स्थान
2. कमलनाथ दर्शन द्वितीय स्थान
3. शरद बियानी तृतीय स्थान

**बालिका वर्ग :-**

1.याहवी गोलछा प्रथम स्थान 2.चंचल कुमारी द्वितीय स्थान 3.चारवी बैधनाथ तृतीय स्थान अंडर -17

**बालक वर्ग में:-**

1. माधव कुमार यशवंत प्रथम स्थान 2. मानव कुमार द्वितीय स्थान3. शिवम मिश्रा तृतीय स्थान

**बालिका वर्ग :-**

1. तराशा कुमारी प्रथम स्थान 2. श्वेता कुमारी द्वितीय स्थान 3. सानिया परवीन तृतीय स्थान ओपन टू ऑल

**बालक वर्ग में:-**

1. संजीव कुमार प्रथम स्थान 2. शुभम कुमार द्वितीय स्थान 3. सौरभ दास तृतीय स्थान

**बालिका वर्ग में:-**

1.रोशनी कुमारी प्रथम स्थान 2.सुप्रिया कुमारी द्वितीय स्थान 3.आंचल मिश्रा तृतीय स्थानटेबल टेनिस प्रतियोगिताः-

**अंडर -17 बालिका वर्ग में:-**

डी ए भी स्कूल के समीक्षा आनंद ने डी ए भी स्कूल दिव्या नयन को 3-1 हराकर चैंपियन बनी। ओपन टू आल प्रतियोगिता बालिका वर्ग में:- रौशनी कुमारी ने समीक्षा आनंद को 3-0 से हराया ओपन टू आल प्रतियोगिता बालक वर्ग में:- डी ए भी स्कूल के मुकुंद राज ने हर्ष कुमार को 3-1 से हराया। इस अवसर पर आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, शतरंज आर्बिटर मो निरोज खान, अमृत साजन, मिहिर कुमार पाठक, सलोनी गोलछा, खुशी कुमारी, भावना कुमारी, मोहम्मद जहीद , निभा कुमारी, अराधना सिंह, मिथिलेश राय, मो एजाज अहमद, रितु राज, मो नैय्यर अली, मंजर मोहशिम, पुनीत सिंह, अभिषेक कुमार, अभिनव, विकास कुमार, उत्कर्ष, अभिनव, शुभम , हर्ष, रोशनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा का सदस्यता अभियान: युवा नेता नागेश्वर यादव की पहल

### नागेश्वर यादव ने इस मौके पर भाजपा के विचारों और नीतियों के बारे में लोगों को किया जागरूक

### नागेश्वर यादव की इस प्रयास ने न केवल भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाया, बल्कि समाज में राजनीतिक जागरूकता भी बढ़ाई है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो आने वाले समय में पार्टी के विकास में सहायक साबित हो सकता है।

**दैनिक समाज जागरण नरपतगंज /डा. रूद्र किंकर वर्मा।**

भाजपा का सदस्यता अभियान देशभर में चल रहा है, जिसमें युवा नेता नागेश्वर यादव ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हाल ही में, उन्होंने नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र के बाबुआन पंचायत में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया।

**कार्यक्रम का विवरण**

रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में महादलित टोला और पासवान टोला के वार्ड नंबर 8 में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। नागेश्वर यादव ने इस मौके पर भाजपा के विचारों



और नीतियों के बारे में लोगों को जागरूक किया।

**नागेश्वर यादव की भूमिका**

नागेश्वर यादव, जो जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष हैं और बथनाहा आस्था हॉस्पिटल के मालिक भी हैं, ने युवा पीढ़ी को पार्टी से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करती है और हर एक व्यक्ति की आवाज को सुनने का प्रयास करती है।

**अभियान के उद्देश्य**

इस सदस्यता अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी के विचारों को फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ना है। नागेश्वर यादव ने कहा कि यह अभियान केवल संख्या बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि लोगों के बीच भाजपा की नीतियों और उनके लाभ को समझाने के लिए भी है।

**स्थानीय समुदाय की प्रतिक्रिया**

स्थानीय निवासियों ने इस पहल को सकारात्मक रूप से लिया और कई लोगों ने भाजपा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान, युवा और बुजुर्ग सभी ने एकजुट होकर पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नागेश्वर यादव की इस प्रयास ने न केवल भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाया, बल्कि समाज में राजनीतिक जागरूकता भी बढ़ाई है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो आने वाले समय में पार्टी के विकास में सहायक साबित हो सकता है।

# पूर्णिया एस पी उनकी हत्या करवाना चाहता है: बीमा भारती

### बीमा भारती के हाउस गार्ड वापस लेने गई पुलिस को करना पड़ा विरोध का सामना

### पहले घर की कुर्की जप्ती की गई फिर हाउस गार्ड वापस लिया जा रहा है अब बॉडी गार्ड वापस लेने की तैयारी की जा रही है। बीमा भारती ने कहा कि पूर्णिया एस पी उनकी हत्या करवाना चाहता है। उनको पता है कि उनके घर मे कई लोगो की हत्या हुई है फिर गार्ड वापस लेना कहा तक उचित है।

**दैनिक समाज जागरण पूर्णियां ।**

रूपौली की पूर्व विधायक सह राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष बीमा भारती के भिट्ठा गांव स्थित आवास पर आज



उस वक्त हंगामा होने लगा जब बीमा भारती के हाउस गार्ड को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वापस लेने के लिए पुलिस गई। तभी गांव के सैकड़ो महिलाओं ने पुलिस की गाड़ी घेर कर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पूर्व विधायक बीमा भारती ने कहा कि पहले घर की कुर्की जप्ती की गई फिर हाउस गार्ड वापस लिया जा रहा है अब बॉडी गार्ड वापस लेने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्णिया एस पी उनकी हत्या करवाना चाहता है। उनको पता है कि उनके घर मे कई लोगो की हत्या हुई है फिर गार्ड वापस लेना कहा तक उचित है।

# जिला खनन विभाग ने ओभर लोडेड बालू लदा एक ट्रक को किया जब्त

**दैनिक समाज जागरण अररिया ।**

जिला खनन कार्यालय अररिया द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर लगातार छापेमारी कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज जिला खनन पदाधिकारी अररिया के नेतृत्व में नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत अररिया जीरोमाईल एनएच 57 के निकट गुप्त सूचना के आधार पर गृह रक्षक बल के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उक्त स्थल से परिवहन के क्रम में एक ट्रक को जब्त कर अररिया थाना को सुपुर्द किया गया है। जब्त किए गए ट्रक, वाहन सं० NL01AC-8672 पर सफेद बालू लगभग 1000 CFT जिसका शमन शुल्क एवं खनिज मूल्य 253250 है, जो ओभर लोडेड और बिना चालान का पाया गया। वर्णित वाहन के चालक छापेमारी के दौरान फरार हो गया। वाहन को खनन निरीक्षक, अररिया के द्वारा अररिया थाना परिसर में लाया गया। उपरोक्त वाहन मालिक के द्वारा सरकारी राजस्व को लाखो का नुकसान/क्षति पहुंचाई गयी। इस कृत से न केवल सरकार के राजस्व की क्षति हुई है बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान हुआ है। उक्त के आलोक में अवैध खनन कत्ताओं एवं वाहन के मालिक/चालक पर खनिज चोरी करने तथा सरकारी संपति को क्षति पहुँचाने के आलोक में विधि सम्मत कार्रवाई हेतु प्राथमिक की दर्ज कराया गया है।

# नवरात्रि पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने जयनगर के दुर्गा मंदिर में की पूजा

### इस दौरान उन्होंने की मां से जनकल्याण की कामना

**दैनिक समाज जागरण भरगामा ।**

नवरात्रि के पावन अवसर पर, भरगामा प्रखंड के जयनगर स्थित दुर्गा मंदिर में अररिया के लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने मां शेरावाली की पूजा की। इस दौरान उन्होंने जनकल्याण की कामना की और मंदिर परिसर में मौजूद ग्रामीणों को दुर्गा पूजा की बधाई और शुभकामनाएं दी। मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिन्होंने उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की। स्थानीय लोगों में नवरात्रि की श्रद्धा और भक्ति का खासा उत्साह देखा गया, जिससे पूरे क्षेत्र में एक धार्मिक वातावरण बना। सांसद प्रदीप कुमार सिंह की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक विशेष बना दिया।

# सच्चाई कबूलने की कुबत है तो इस्तीफा दें मगध विश्वविद्यालय के कुलपति : फैक्टनेब

### संबद्ध डिग्री महाविद्यालय से यात्रा प्रारम्भ कर भ्रष्टाचार के माध्यम से कुलपति पद तक पहुंचे हैं डा.एस. पी. शाही

### कुलपति डॉ एस. पी. शाही द्वारा संबद्ध डिग्री महाविद्यालय को नामांकन एवं पैसे वसूली का केन्द्र बताना उनके संकुचित सोच और दुर्भावना से ग्रसित होना परिलक्षित होता है

### फैक्टनेब नेताओं ने कुलपति को अगाह करते हुए कहा कि साहस है तो राज्य के सभी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों की संबद्धता रद्द करने की सिफारिश कुलाधिपति एवं राज्य सरकार से करें अथवा संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के संबंध में दिए गए वक्तव्य को वापस ले और शिक्षाकर्मियों से मांगें माफी

**दैनिक समाज जागरण पटना /डा. रूद्र किंकर वर्मा।**




इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि, आज बिहार में उच्च शिक्षा संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के भरोसे चल रहा है, सुदूर देहात से लेकर शहरों तक के छात्र छात्राएं की कुल संख्या का लगभग 70 प्रतिशत शिक्षार्थी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में ही पठन पाठन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क पर करते हैं। इस परिस्थिति में मगध विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति द्वारा संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के संबंध में दिया गया वक्तव्य दुर्भाग्यपूर्ण तथा घोर निंदनीय है। किसी कुलपति की पहली जिम्मेदारी होती है कि वह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करें एवं विश्वविद्यालयों में व्याप्त कुव्यवस्था दूर कर भ्रष्टाचार मुक्त विश्वविद्यालय की संरचना स्थापित करे । बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डॉ शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एक साक्षात्कार में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस. पी. शाही द्वारा संबद्ध डिग्री महाविद्यालय को नामांकन एवं पैसे वसूली का केन्द्र बताना उनके संकुचित सोच और दुर्भावना से ग्रसित होना परिलक्षित होता है। फैक्टनेब नेताओं ने बताया कि पटना के एक संबद्ध डिग्री महाविद्यालय से अपनी कैरियर प्रारंभ कर भ्रष्टाचार के माध्यम से पायदान पार करते हुए कुलपति के पद पर आसीन डा शाही मगध विश्वविद्यालय को कुव्यवस्था और भ्रष्टाचार का जखीरा बना दिया है। फैक्टनेब नेताओं ने कुलपति को अगाह करते हुए कहा कि साहस है तो राज्य के सभी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों की संबद्धता रद्द करने की सिफारिश कुलाधिपति एवं राज्य सरकार से करें, अथवा संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के संबंध में दिए गए वक्तव्य को वापस ले और शिक्षाकर्मियों से माफी मांगें।

# जिला समन्वयक अश्वनी जैन ने विद्यार्थियों को पौधे वितरित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज! विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को पौधारोपित करने हेतु पौधे भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अश्वनी जैन ने विद्यार्थियों को वृक्ष धरा के भूषण हैं, करते दूर प्रदूषण है, वृक्ष हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं कि नारे से प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उन्हें संरक्षित करने के लिए कहा। उन्होंने प्रदूषण से बचाव के लिए पौधरोपण के साथ पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी के निर्वहन को करना है।



हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा। हम सभी एक दूसरे को प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग के प्रति जागरूक करके ही इस समस्या को नियंत्रित कर सकते हैं। हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करके उनकी देखभाल करके अपने भविष्य को भी सुरक्षित रखना है। इस अवसर पर कु उपासना, सारिका, अंजली, रोशनी, खुशी, वर्षा, निशा, शिवानी, करिश्मा, पूजा, शिवांशु कुशवाह, ललित कुमार, नीरज कुमार, सुशान्त, अनुज कश्यप, मोहित सिंह, सोनवीर, ब्रजमोहन, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पल्लीवाल जैन महा सभा का वार्षिक समारोह संपन्न हुआ!

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! श्री दिगम्बर जैन पल्लीवाल महासभा का आयोजन आचार्य श्री वसुंनंदी गुरुदेव के सानिध्य में श्री महावीर जिनालय में आयोजित किया गया। इस अवसर वृद्ध जन सम्मान एवं अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ अंकित जैन रेता वालों ने जैन घोष की मधुर ध्वनि जे साथ ध्वजारोहन कर किया। एवं मंच का उद्घाटन विनोद जैन मिलेनियम ने फीते की गांठ खोलकर किया। भगवान महावीर के चित्र का अनावरण डॉ विकास जैन एवं दीप प्रज्वलित पुष्पेंद्र जैन ने किया। जैन घोष के साथ अनिल कुमार जैन एडवोकेट ने स्वर्ण पात्र में प्रासुक जल ला कर गुरुदेव का पाद परक्षालन किया एवं सुधीर कुमार जैन ठेकेदार ने गुरुदेव को विनम्रतापूर्वक शास्त्र भेंट किये। गुरुदेव के संघस्थ रहने वाले ब्रह्मचारी भाइयों के लिए लोकेश कुमार जैन बिकाजी ने श्वेत वस्त्र भेंट किये। मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद जैन मुन्ना बाबू के साथ महासभा के अध्यक्ष संजीव जैन




महामंत्री राजेश जैन बिट्टू, कोषाध्यक्ष लिंकन जैन, उपाध्यक्ष नीटू जैन, ऑडिटर मनीष जैन एवं मीडिया प्रभारी अंतेश जैन ने तिलक लगाकर एवं पीत दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पाठशाला एवं श्री निर्भय सागर जैन पाठशाला के बच्चों ने " हमारी हिन्दी पिछड़ी क्यूँ ' एवं सती अंजना पर जो नाट्य प्रस्तुति दी समुचित मंदिर प्रांगण तालियों की आवाज के गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तित देने वाले बच्चों को अंकित जैन एल आई सी ने उपहार भेंट किये। पालीवाल महा सभा की महिला इकाई ने मंगल गीत गाये। कार्यक्रम का संचालन राजेश जैन ने बखूबी किया। इस मोके पर महासभा के पदाधिकारी के साथ धर्मेंद्र कुमार जैन, सुबोध जैन, संभव प्रकाश जैन, संजय जैन रुनक जैन, विनोद जैन, योगेंद्र प्रकश जैन ने समाज के चार वृद्ध जनों को शाल उड़ाकर मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

इस समारोह में सतेंद्र कुमार जैन, सतीश सालावेढिया, निर्मल कुमार जैन, अशोक कुमार जैन, संतोष जैन, संजीव जैन, सौरभ जैन, अचिंत कुमार जैन, संजय जैन, मनोज जैन दद्दा, देवेंद्र जैन रसूलपुर, मोनू जैन, प्रतीक जैन, दीपांश जैन, महिला मंडल की पायल जैन, नीना जैन, रितु जैन, अनीता जैन का प्रमुख सहयोग रहा।

# सीसीटीवी फुटेज के वायरल होने पर दुकानदार को दरोगा ने धमकाया और काटा जुमार्ना

## दरोगा के खिलाफ कार्रवाई को लेकर इंस्पेक्टर की मांग

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर वाराणसी । फूलपुर थाने पर तैनात दरोगा के दबंगई का दुकान से सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद भन्नाए दरोगा ने उक्त दुकानदार को धमकाते हुए भारी भरकम जुमार्ना काट दिया। जिससे आक्रोशित व्यापारी इंस्पेक्टर फुलपुर से मिलकर शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। बताते चले कि गुरुवार को अपराह्न में फुलपुर तिराहे पर एक पिकअप की फुलपुर थाने पर तैनात दरोगा की कार से सट गई थी। जिसपर दरोगा ने पिकअप चालक व मालिक की सरेराह थप्पड़ से पिटाई कर दी थी। जिसका सीसीटीवी फुटेज एक दुकान से लेने के बाद सपा नेता गुड्डू राजभर ने वायरल करने के साथ मुख्यमंत्री, डीजीपी व सीपी को ट्वीट कर दिया था। जिससे आक्रोशित दरोगा ने उक्त सपा नेता को थाने में बैठाने के साथ रविवार को उक्त दुकानदार के यहां पहुचकर सड़क के नाली पर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए भारी भरकम जुमार्ना काट दिया। जिससे आक्रोशित व्यापारी फूलपुर व्यापार मंडल के बैनर तले इंस्पेक्टर फुलपुर प्रवीण सिंह ने मिलकर उक्त दरोगा की शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाते हुए तत्काल आरोपित दरोगा को हटाने की मांग की। बताते हैं कि आरोपित दरोगा का पहले भी कई मामलों में नाम चर्चित है।

वही इन्स्पेक्टर से मिलने वालों में व्यापार मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल सपालू, देवेंद्र चौरसिया, रमेश, सोनू सेठ, सुनील पटेल, राजकुमार गुप्ता, सुल्तान अहमद, किशन सेठ, मनोज अग्रहरि, शिवप्रसाद गुप्ता, विक्की गोंड,रिषभ, कमलेश गुप्ता अमन मौर्य,सोनू वर्मा समेत दर्जनों व्यापारी रहे।

# खेत में लगाए गए करंट के तार के चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**समाज जागरण अतुल सोनी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव में जानवरों से बचाने के लिए लगाए गए खेत में करंट के तार की चपेट में आने से निदौरा उदयपुर निवासी एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के निदौरा (उदयपुर) निवासी पोल्हावन पटेल(52) पुत्र कतवारू रविवार की सुबह करीब 5:00 बजे उठकर रोज की तरह टहलने के लिए निकले हुए थे। घर के पास ही संजय पटेल पुत्र जगन्नाथ पटेल का खेत है जिसमें संजय पटेल ने छुट्टा पशुओ से बचाव के लिए एक तार से घेराबंदी किया हुआ है जिसमें विद्युत



करंट प्रवाहित किया जाता है, इसी खेत के किनारे से आते समय इसी विद्युत तार के चपेट में आ जाने से पोल्हावन पटेल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन और क्षेत्रवासी उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार मृतक पिछले कुछ वर्षों से लकवा से पीड़ित थे लेकिन अब काफी सुधार हो चुका था इसलिए सुबह डालते थे। मृतक के बेटे दीप नारायण ने आरोप लगाया है की बार-बार मेरे और गांववासियों के मना करने के बावजूद भी संजय पटेल खेत में करंट प्रवाहित करते थे जिसके कारण आज इतनी बड़ी घटना हुई। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा दो बेटे और बेटी को छोड़ गए हैं।अभी किसी का शादी नहीं हुआ था। मृतक के बड़े बेटे दीप नारायण पटेल के तहरीर के आधार पर चोलापुर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है ।

# आदर्श व्यायामशाला डुहिया में मगनू मास्टर एवं भोला पहलवान की स्मृति में कुश्ती दंगल सम्पन्न।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी । हरहुआ विकास खंड के सुलेमापुर (डुहिया) में स्थित आदर्श व्यायामशाला में स्व0 मगनू मास्टर एवं भोला पहलवान की स्मृति में कुश्ती दंगल का आयोजन रविवार को किया गया।

दंगल में दांव पेंच के बीच दर्जनों जोड़ी कुश्तिया हुई। विशाल (डुहिया) बनाम सत्यम बरियासनपुर, मनोहर (नैपुरा) बनाम आशीष (बरियासन पुर), आशीष (केराकत) बनाम अरविंद (डुहिया), बाबा कोरउत बनाम हिमांशु (बजरंग नगर), सूरज (महमूदपुर) बनाम साहिल (गया सेठ) सहित दर्जनों बडी कुश्तिया हुई। पहलवानो ने भी खूब एक दूसरे पर दांव आजमाया। पहलवानो का स्वागत कमेटी के द्वारा साफा बांधकर



पहलवानों का हाथ मिलवाते मनोहर पहलवान ,लालजी पहलवान और झगड़ू पहलवान।

सम्मानित किया गया।

मनोहर पहलवान, हिन्द केशरी लालजी पहलवान, सूबेदार यादव, झगड़ू भईया, रामसेवक यादव, दिनेश यादव प्रधान, कन्हैया यादव, खंजाटी उर्फ दूधनाथ पहलवान, रामकिशुन पहलवान, सुरेश यादव, संतोष यादव, सूबेदार पहलवान, वीरेंद्र पहलवान, गजानन यादव उपस्थित रहे।वहीं आस पास गाँवो के सैकड़ों पहलवान व ग्रामीणों ने उपस्थित होकर कुश्ती दंगल का आनन्द उठाया।

# जिला पंचायत सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक हुई!

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! रविवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मत्स्य मंत्री उ0 प्र0 सरकार डा0 संजय निषाद ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य,अपर जिलाधिकारी,(वि0/रा0) विशु राजा,उप निदेशक मत्स्य,आगरा मण्डल,राजेन्द्र सिंह,उप निदेशक मत्स्य,लखनऊ, डा0 हरेन्द्र,सहायक निदेशक मत्स्य किशन शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव सिन्हा,की उपस्थिति में जनपद फिरोजाबाद में मत्स्य विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस बैठक में माननीय मंत्री ने जनपद में उपलब्ध ग्राम समाज के तालाबों का पट्टा आवंटन कराने पर बल दिया। उन्होने कहा कि जहॉ जहॉ पट्टो में राजस्व सहिता का उल्लंघन हो रहा है जॉच कराई जाये तथा पट्टों के अनुबन्ध पत्रों का समय निर्धारित किया जाये। मंत्री ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक



पहुंचे इसके लिये इस योजना का प्रचार प्रसार करायें। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों की भी सहायता ली जाये। मंत्री ने कहा कि मत्स्य विभाग के सहयोग से नेडा विभाग द्वारा मछुआ वाहुल्य ग्रामों में जो सोलर स्टीट लाईट तथा हाई मास्ट लाईट स्थापित की गयी है यह सुनिश्चित किया जाय कि यह लाईटें गुणवत्तापूर्ण हों जिससे इसका उद्देश्य पूरा किया जा सके। किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ अधिक से अधिक मछुआरों को प्राप्त हो। 15 अक्टूबर से इसका एक सघन अभियान चलाया जाए जिससे मछुआरों को अधिक से अधिक लाभ पहुंच सके। मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत आने वाले मछुआरों के परिवारों को इसका लाभ दिलाया जाए। इसके अलावा मत्स्य पालकों की जागरूकता हेतु इस सभागार में एक कार्यशाला भी आयोजित की गयी जिसमें जनपद के मत्स्य पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर मा0विधायक टूण्डला प्रेमपाल सिंह धनगर, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, डा0बृज बहादुर,भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष श्रीनिवास, भारतीय जनता युवा अध्यक्ष आकाश शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रामबदन राम,अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत मणिन्द्र सिंह,अधिशाषी अभियन्ता जलशक्ति, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत,खाद्य सुरक्षा अधिकारी, पी0ओ0नेडा,जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक,सचिव मंडी समिति,आदि उपस्थित रहे।

# सड़क में बना गड्ढा, दे रहे दुर्घटना को दावत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी प्रदेश सरकार सड़को को सुधारने के लिए तमाम कोशिश कर रही लेकिन सड़को की रख रखाव और सड़को पर एकत्र हो रहे पानी से सड़क खराब होते नजर आ रहे हैं।बताते चले प्रदेश सरकार पंचकोसी मार्ग का सुंदरीकरण और चौड़ीकरण कुछ वर्षो पहले लाखो रुपए खर्च करवाया था,लेकिन सड़को की सही रख रखाव और मरम्मत नही होने से सड़क खराब हो रही है।जंसा वाया हरहुआ मार्ग के बीच में रामेश्वर बाजार और भाऊपुर बाजार में सड़क में गड्ढा हो



गया है जिससे रहगीरो को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।रामेश्वर बाजार में बारिश की पानी दो जगह पर एकत्र हो रहा था जिसके निदान के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क के किनारे गिट्टी डाल कर ऊंचा कर दिया ।कुछ दिनो पूर्व हुए बारिश की पानी बीच सड़क में एकत्र होने लगा था जिससे वहा बड़े बड़े गड्ढे हो गए ।अब आए दिन इन गड्ढों में राहगीर फस कर गिर कर घायल हो रहे।अब इस सड़क और राहगीरों की सुध कोई नही ले रहा हैं।वही बाजार वाशियो की माने तो सड़क के किनारे नाला बना दिया जाए तो सड़क सुरक्षित हो जाने की बात कह रहे है।

# तीन घरों में 20 लाख से अधिक की हुई चोरी

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । फूलपुर थाना क्षेत्र के उसरा शहीद पाही पर बीती रात चोरों ने छत के सहारे घर मे तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें पीड़ितों ने 20 लाख से अधिक के सोने चांदी के जेवर के साथ नगदी चोरी होने की तहरीर दी।

पुलिस की दिए तहरीर में दिनेश यादव ने आरोप कि बीती रात चोर दीवाल के सहारे छत पर चढ़े और उसके बाद रोशनदान को तोड़कर कमरे में उतरे और अलमारी का ताला तोड़कर उसमे सोने चांदी के रखे 10 लाख के जेवर के साथ एक लाख 42 हजार रुपए नगद चुरा ले गए। वही उसके चचेरे भाई राजनारायण यादव ने बताया कि उसके कमरे में रखे अलमारी में से चांदी के जेवर चुरा ले गए। दिनेश यादव के घर से बगल में स्थित एडवोकेट अर्पित पटेल ने बताया कि छत के सहारे नीचे कमरे में उतरे चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर 10 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर चुरा ले गए। चोरी के दौरान किसी कमरे में ताला नही लगा था। जिससे घर के बाहर व बरामदे में सोए परिजनों को नही हो सकी। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस छानबीन कर लौट गई। वही घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश दिखा।

# भैठोली माता मंदिर से लाखों के गहने चोरी

**चोरों का हौसला बुलंद कमिश्नर साहब एक नजर इधर भी**

**आखिर चोलापुर पुलिस कब करेगी चोरों का खुलासा**

**समाज जागरण अतुल सोनी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के भैठोली ग्राम स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर से शनिवार रात्रि चोरों ने मंदिर में पीछे के रास्ते से चैनल का ताला तोड़ प्रवेश कर माता के मूर्ति पर चढ़े हुए लाखों रुपए के सोने के गहने व पांच दानपात्र में रखे रुपए उठा ले गये। चोरी की उक्त घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई जहां दो चोर कंबल की मदद से अपना शरीर व चेहरा ढकने का प्रयास करते हुए चोरी करते दिख रहे हैं। जानकारी के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के भैठोली में दशकों पुराना दुर्गा




माता का मंदिर है। रोज की भांति शनिवार रात्रि मंदिर के पुजारी कपाट बंद कर विश्राम हेतु चले गए। रविवार भोर में पूजा हेतु पहुंचने पर मंदिर के दानपात्र इधर-उधर फेक हुए तथा मंदिर के चैनल का ताला टूटा हुआ देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी चोलापुर ईश्वर दयाल दुबे पहुचे अपनी टीम के साथ मामले की जांच में जुट गए मौके पर डॉग स्क्वायड भी कुछ सौ मीटर दूर पूर्व दिशा में जाकर रुका। सूचना मिलते ही एसीपी सारनाथ अतुल अंजान त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान वरुण सिंह चोलापुर पुलिस को चोरी की तहरीर सौंपी। तहरीर के अनुसार चोरी गए गहनों में तीन चांदी का मुकुट, एक चांदी का छत्र, एक सोने का हार, एक सोने का मुकुट, सोने की नथिया तथा मंदिर में रखे पांच दानपात्र से लाखों रुपए नगदी समेत कुल 25 लाख रुपए से ऊपर की चोरी की तहरीर दी। थाना प्रभारी चोलापुर ईश्वर दयाल दुबे के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा चोरी गए सभी सामान को जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

# वरुणा नदी में मरे पशु के दुर्गंध से भक्तजन बेहाल।

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी पंचकोशी तीर्थ यात्रा के तीसरे पड़ाव रामेश्वर धाम स्थित वरुणा नदी में घिरे जलकुम्भी बीच मरे पशु का शव फसकर सड़ने से उतपन्न दुर्गंध के चलते नवरात्र में आ रहे भक्तों, बाजारवासियों सहित राहगीरों को भारी परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। वरुणा नदी में नेमिभक्तजनों व मन्दिर के वेदपाठी विद्यार्थियों के स्नान में बाधा उतपन्न हो गई है।

रामेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी आचार्य प0 अन्नू तिवारी व वरुणा नदी किनारे स्थित रामेश्वर पुलिस चौकी के इंचार्ज व बाजार के व्यवसायियों ने बताया कि जहाँ दुर्गंध के चलते पूजा कार्य प्रभावित है वहीं व्यापारियों व सुरक्षा में ड्यूटी रत



इंचार्ज व पुलिस बल के जवानों ने अवगत कराया कि गंगा में विगत दिनों आई बाढ़ के चलते वरुणा नदी में शहर की जलकुम्भी आकर रामेश्वर पुराने व नए पुल के बीच फस गई है। नदी में बहाव के चलते कई मरे पशुओं का शव आकर जलकुम्भी में फंसकर सड़ रहे हैं जिससे हवाओं के साथ दुर्गंध उठने से लोगों का खाना-पीना ,भजन कीर्तन व व्यवसाय पूरी तरह से प्रभावित हो गया है।नाक ढककर लोग आने-जाने को मजबूर हैं।


मन्दिर के पुजारी स्थानीय ग्राम प्रधानों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों के बाद जिला प्रशासन से तत्काल कार्यवाही कर निजात दिलाने की मांग की है।

# वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका एवम उत्तरदायित्व" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! दाऊ दयाल महिला पीजी कॉलेज फिरोजाबाद में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में "वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका तथा उत्तरदायित्व" विषय पर शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों की निरंतर परिवर्तनशील होती भूमिका तथा वर्तमान समय में उनके नवीन दायित्वों को लेकर बी. ए. प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के समापन पर शिक्षा शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ शारदा सिंह ने छात्राओं को इस दिवस को मनाने से संबंधित यूनेस्को के उद्देश्य को बताते हुए छात्राओं को शिक्षण



व्यवसाय के मानकों से परिचित कराया तथा श्रीमती डॉ श्वेता राय ने शिक्षण व्यवसाय के प्रति छात्राओं को जागरुक करते हुए शिक्षक के रूप में उन्हें समाज में एक उत्तम आदर्श प्रस्तुत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन शिक्षा शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य श्वेता राय एवं डॉ. शारदा सिंह ने सम्मिलित रूप से किया।

# साइबर क्राइम को लेकर बालिकाओं को किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति फेज 5 के विशेष अभियान के तहत आज एसआरजी जया शर्मा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय दखिनारा शिकोहाबाद में बालिकाओ व महिलाओं को जागरूक किया , महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्होंने



उनको साइबर क्राइम के बारे में बताया कि रविवार को समाज में सोशल मीडिया से तमाम अपराधों का जन्म हो रहा है अतः हम सभी को इससे सुरक्षित रहने की आवश्यकता है, महिलाओं को पंपलेट देकर उन्होंने उनकी सुरक्षा,अधिकारों, हेल्प लाइन नंबरों व सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी ।विद्यालय की प्रधान अध्यापिका ऋतु अग्रवाल ने बताया कि किसी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों व महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में जानकारी दी जागरुकता कार्यक्रम में ऋतु अग्रवाल, महेंद्र सिंह, रोहिताश, अनीता, सीमा, पायल आदि मौजूद रहीं '

# पहलवान छात्र का हुआ अखाड़े पर स्वागत

## 61 किलो भारवर्ग में जीता था गोल्ड मेडल

**समाज जागरण विनीत कुमार सिंह राजातालाब वाराणसी**

पंचायत भवन मूंगवार कृष्णदत्त पुर मे मूंगवार अखाड़े के पहलवान सुन्दरम



यादव का स्वागत सम्मान रविवार को किया गया। सुंदरम यादव पिछले दिनों विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में 61 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। अखाड़े के उस्ताद मन्ना भगत ने कहा कि सुंदरम यादव ने उनके अखाड़े का नाम रोशन किया है। ग्राम प्रधान प्रकाश यादव ने कहा कि छात्र ने और लोगों के लिए मिसाल कायम की है। पहलवान सुंदरम ने अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।इस दौरान यहां पर रामकैलाश यादव, बबलू यादव, सुशील यादव, लक्कड़ पहलवान,शिवदयाल,चन्दन यादव,मनोज पहलवान आदि लोग रहे।

# क्षेत्र प्रसिद्ध गरखड़ा की रामलीला रामजन्म के साथ हुई शुरू

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । क्षेत्र प्रसिद्ध गरखड़ा का रामलीला रविवार को नारद मोह व रामजन्म के साथ शुरू हुआ। नए मंचन के साथ शुरू हुए रामलीला सभी पात्र गांव के होते है। श्री रामलीला समिति मंच गरखड़ा के पदाधिकारी रामप्रवेश पांडेय ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से वर्षो से रामलीला गांव के लोग पात्र की भूमिका में रहते है। रामलीला 6 अक्टूबर से शुरू होकर 13 अक्टूबर तक राजगद्दी तक चलेगी। अंतिम दिन 13 अक्टूबर विजयदशमी मेला के साथ सम्पन्न होगा।

# दिव्यांग महिला के साथ जबरन दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । फूलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की दिव्यांग महिला के साथ पड़ोसी द्वारा जबरन दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस को दिए तहरीर में दलित महिला की माँ ने आरोप लगाया कि पैर व दिमाग से दिव्यांग मेरी बेटी शुक्रवार की रात्रि में साढ़े 10 बजे घर से बाहर बाथरूम करने गई तभी गांव का ही एक 38 वर्षीय सुरज पटेल शराब के नशे में द्युत होकर उसे जबरन पकड़ कर घसीटते हुए खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

युवती ने जब अपने बचाव के लिए चिल्लाने का प्रयास की तो उक्त युवक ने उसका मुंह दबाकर आवाज को रोक दिया। घटना के बाद युवती रोते हुए घर पर आकर सारी बातें परिजनों को बताई। तहरीर के आधार पर फूलपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 64(2) के तथा एसटीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# तुलजा भवानी मन्दिर में दर्शनार्थियों की उमड़ी भीड़

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी शारदीय नवरात्र के चतुर्थ दिवस रविवार को चतुर्थी पर माता कुष्मांडा स्वरूप का पूजन कर तुलजा-दुर्गा भवानी मन्दिर में आरती उतारकर पूजन दर्शन करने वाली महिलाओं की भीड़ दिन व शाम मन्दिर में उमड़ी रही।

पुजारी आचार्य प0 अन्नू तिवारी के अनुसार आज माता कुष्मांडा के लिए विशेष कोहड़े की बलि देकर खुश किया जाता है। माता सबके कल्याण के लिए प्रसन्न होकर दर्शन देती है।

रामेश्वर मन्दिर सहित देवी मंदिरों में दर्शन



के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। सम्मो माता, चौरा माता,शीतला मन्दिर बरेमा व जगापट्टी में दुर्गा मंदिर ,सोहिला स्थित दुर्गा मंदिर समेत हरहुआ क्षेत्र के हरहुआ डीह ,वार ,आयर ,मुर्दहा गाँवो सहित अन्य देवी मंदिरों में दर्शन पूजन भक्तों ने किया।